







# तालाबों पर मौर-मौरी सिराने पहुंचे लोग, किया पूजन

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 29 अगस्त।** शहर सहित अंचल के तालाबों पर शुक्रवार को मौरछठ सिराई गई। नवविवाहित वर-वधू के मौर-मौरी सिराए गए। इससे पहले महिलाओं ने धार्मिक रिति-रिवाजों के अनुसार मौर-मौरी के साथ विधि-विधान से ईष्टदेव की पूजा-अर्चना की। इसके बाद मौर-मौरी को तालाबों में विसर्जित किया।

**महिलाओं ने मंगल गीत गाकर सिराए मौर, तालाबों पर लगी रही भीड़**

यहां बता दें, कि छठ पूजा एक हिंदू त्यौहार है जो प्रतिवर्ष देश में बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह एक बहुत ही प्रचीन त्यौहार है। जिले में भी यह त्यौहार बड़ी ही धूम धाम से मनाया जाता है। इस दौरान नवविहित जोड़े व उनके स्वजन शादी में प्रयुक्त हुई मोहर का विषर्जन पूरे विधि विधान से किया जाता है। इस दौरान भारी मात्रा में नगर के तालाबों के पास लोग मौजूद रहे। मौरछठ के अवसर पर क्षेत्र में मेले जैसा माहौल तैयार हो जाता है। शहर के गौरी सरोवर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मोहर छठ के मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान मेले में विवाह के नये जोड़े मौजूद रहे। साथ ही पूरे विधि विधान से पूजा पाठ कर मोहर का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर युवतियां व महिलाएं नये वस्त्रों में नजर आईं।

**हर साल में छठ के दिन ही सिराए जाते हैं मौर-मौरी :** पंडित सतीश गोस्वामी के मुताबिक भाद्रपद शुक ?ल पक्ष की छठ को मौरछठ कहते हैं, क्योंकि इसी दिन साल भर हुए नवविवाहितों के मौर-मौरी और कंकन तालाबों विसर्जित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसी परंपरा है कि मौर छठ के दिन नवविवाहित वधू जिसकी मौर सिराई जाती है, उसे ससुराल से दूसरे घर भेज दिया जाता है।

इसी तरह वर को भी दूसरे घर भेजा जाता है। क्योंकि वर और वधू दोनों मौर-मौरी सिराते हुए नहीं देख सकते हैं। ऐसा नहीं करने पर अपशगुन होता है। इसीलिए सिर्फ महिलाएं ही धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार मौर-मौरी को तालाबों में विसर्जित करती हैं।

**गौरी सरोवर पर लगा मेला :** शहर में एतिहासिक गौरी सरोवर पर मौरछठ मेले का आयोजन किया गया। यहां पर 3 बजे से बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां और बच्चे अपने-अपने घर से थालियों में मौर-मौरी सजाकर भजन गाते हुए आए। यहां पर गौ घाट, चंदू तिवरिया पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मौर-मौरी को सरोवर में विसर्जित किया गया। इसके अलावा बौरेश्वर धाम में फूफ, सुरपुरा, अटेर के अलावा भिंड शहर के साथ आसपास गांव से महिलाएं पहुंची।

**बौरेश्वर धाम पर लगता है मेला :** पंडित सतीश गोस्वामी ने बताया कि बौरेश्वरधाम में साल का सबसे बड़ा मेला मौरछट से शुरू होता है। यहां पर लोग नवविवाहिताओं के मौर-मौरी सिराने के साथ भगवान शिव के दर्शन करने और मेला घूमने के लिए आते हैं। मेले के दूसरे दिन भी मेले में हजारों की संख्या में लोग दर्शन करने और मेला घूमने के लिए आते है।

**बौरेश्वकर धाम में मौरछठ मेले पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

बौरेश्वकर धाम में पारंपरिक मौरछठ मेले का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। मेले में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। एसडीओपी रवि वास्केले ने बताया कि मेले के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए तीन थाना प्रभारियों और 70 पुलिस जवानों को तैनात किया गया। पूरी सुरक्षा व्यवस्था एसडीओपी वास्केले की निगरानी में संचालित की गई। पुलिस प्रशासन ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यातायात नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था और सुरक्षा जांच पर विशेष ध्यान दिया। साथ ही, भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालु शांति और सुरक्षित वातावरण में दर्शन कर सकें। स्थानीय प्रशासन और पुलिस द्वारा की गई इस सख्त सुरक्षा व्यवस्था की सराहना श्रद्धालुओं ने की। मेले का समापन शांतिपूर्ण तरीके से हुआ।

# बिजपुरी में हुआ भव्य दंगल, 10 हजार की भीड़ रही मौजूद



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 29 अगस्त।** जिले के बिजपुरी गांव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गालव ऋषि मंदिर परिसर में भव्य दंगल का आयोजन किया गया। इस आयोजन को देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से लगभग 10 हजार की भीड़ उमड़ी।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दो बड़ी कुश्तियां रहीं। पहली कुश्ती नेपाल के देवा थापा और सहारनपुर के गुड्डू के बीच हुई, जिसमें देवा थापा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। विजेता को 51,000 का इनाम प्रदान किया गया। दूसरी बड़ी कुश्ती भारत केसरी रामेश्वर यादव और गौरव भगवासी के बीच हुई। दोनों पहलवानों ने दमदार मुकाबला किया, जो बराबरी पर छूटा। इस मुकाबले में 61,000 का इनाम दोनों पहलवानों को बराबर-बराबर दिया गया।

**विशेष अतिथि और घोषणाएं :** कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सुनील भदौरिया विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने दंगल के सफल आयोजन की सराहना करते हुए नई दंगल के लिए 6 लाख 36 हजार की मंजूरी की घोषणा की। इसके अलावा कार्यक्रम में सदर विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह के सुपुत्र पुष्पेंद्र 'पुष्पू' कुशवाह, कांग्रेस के युवा नेता भरत चतुर्वेदी, एवं जिले के समाजसेवी रक्षपाल सिंह कुशवाह भी मौजूद रहे।

**ग्रामवासियों और गालव युवा ग्रुप का सहयोग :** इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों एवं गालव युवा ग्रुप का विशेष योगदान रहा। दंगल के अंत में विजेता पहलवानों को सम्मानित किया गया और उपस्थित लोगों ने पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई।

## ग्वालियर-भिंड रेल खंड पर टिकट चेकिंग में 44 प्रकरण दर्ज

**भिण्ड, 29 अगस्त।** ग्वालियर-भिंड रेल खंड पर बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर रोक लगाने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को एक विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में रेलवे की टीम ने विभिन्न स्टेशनों एवं ट्रेनों में सघन जांच की। जांच के दौरान कुल 44 प्रकरण दर्ज किए गए और नियमों का उल्लंघन करने वालों से 12,390 रुपए का जुर्माना वसूला गया। अभियान का पर्यवेक्षण सहायक वाणिज्य प्रबंधक/ग्वालियर आरके वर्मा एवं मुख्य वाणिज्य निरीक्षक रूप सिंह मीना ने किया। इस कार्रवाई में टिकट चेकिंग स्टाफ मुनेश मीणा एवं बिजेंद्र कुमार मीणा सक्रिय रूप से शामिल रहे। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे बिना टिकट यात्रा न करें।

# पुरानी रंजिश में फायरिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार, लायसेंसी बंदूक बरामद



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 29 अगस्त।** पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पुरानी रंजिश के चलते फायरिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त 12 बोर की लायसेंसी दोनाली बंदूक भी पुलिस ने बरामद कर ली है। एसपी डॉ. असित यादव के मार्गदर्शन में एएसपी संजीव पाठक और सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई।

टीआई बृजेंद्र सेंगर के मुताबिक बुधवार को रात करीब 8:30 बजे की है। फरियादी विजय उपाध्याय निवासी गोविंद नगर, भिंड ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका अपने पड़ोसी से पुराना विवाद चल रहा था। उसी रंजिश को लेकर आरोपी ने गाली-गलौज की। जब फरियादी ने विरोध किया तो आरोपी ने घर के अंदर से 12 बोर की लायसेंसी बंदूक निकालकर छज्जे पर आकर दो राउंड फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान छर्रे फरियादी के दाहिने पैर के घुटने और अंगूठे में लग गए, जिससे वह घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल भिंड में भर्ती कराया गया।

**गिरफ्तारी और बरामदगी**

रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह सेंगर ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की। उनि सोहनीश तोमर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सक्रिय खुफिया तंत्र के जरिए आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को चंबल कॉलोनी, भिंड से गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लायसेंसी बंदूक बरामद कर ली गई है। इस सराहनीय कार्रवाई में निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह सेंगर, उप निरीक्षक सोहनीश तोमर, आरक्षक संदीप राजावत, दीपक राजावत, अभिषेक यादव, ज्ञानेन्द्र मिश्रा और अमन राजावत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भिंड विधायक ने प्रदेश नेतृत्व से की मुलाकात



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 29 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, मध्य प्रदेश के संगठन प्रभारी महेंद्र सिंह और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा से शुक्रवार को भिंड विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने भेंट की। इस दौरान उन्होंने संगठन विस्तार के साथ-साथ क्षेत्र की जन समस्याओं और किसानों की खाद समस्या को लेकर विस्तृत चर्चा की।

विधायक कुशवाह ने प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया कि प्रदेश सरकार ने किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर वितरण व्यवस्था प्रभावी नहीं होने के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि खाद बिक्री केंद्रों पर किसानों को सुबह से शाम तक लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है, जिससे महिला किसानों को भी भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। विधायक कुशवाह ने यह भी कहा कि जिले के किसानों के लिए निर्धारित खाद को उत्तर प्रदेश भेजे जाने की शिकायतें मिल रही हैं, जबकि जिले के किसानों को वर्तमान समय में खाद की अत्यधिक आवश्यकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि खाद वितरण में पारदर्शिता और व्यवस्था लाने की जरूरत है, ताकि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व को भरोसा दिलाया कि सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और जल्द ही प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

**2 सितंबर को बुढ़वा मंगल पर विशाल मेला**

**भिण्ड, 29 अगस्त।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दंदरौआ धाम पर आगामी 2 सितंतर को बुढ़वा मंगल के पावन अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला में रुद्राभिषेक, सुंदरकांड पाठ, फूल बंगला एवं विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के औरैया, इटावा, आगरा, मैनपुरी, एटा, फिरोजाबाद, कानपुर, प्रयागराज सहित विभिन्न जिलों से लाखों श्रद्धालु दंदरौआ धाम पहुंचकर डॉक्टर हनुमान जी के दर्शन करेंगे। महंत रामदास महाराज ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन एवं मंदिर समिति द्वारा विशेष इंतज़ाम किए गए हैं।



# खेरापति हनुमान मंदिर पर जल विहार मेला

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव 29 अगस्त।** मध्यप्रदेश की सबसे बडी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेहदौली मे आज देवछठ को जल विहार मेला का आयोजन संपन्न हुआ।



खेरापति हनुमान जी मंदिर परिसर मे जल विहार मेला सदियों से अनवरत जारी है उपरोक्त मेले के बारे मे गांव के बुजुर्गो का मानना है कि जल विहार मेले का सर्व प्रथम आयोजन कर रखा गया इसका किसी को ज्ञात नहीं हनुमान जी महाराज की क्रपा से जल विहार मेला अनवरत देवछठ को लगता चला आ रहा है,मेले मे बच्चो के खिलोने सहित खाने पीने के की दुकानो मे मेले मे गर्म जलेवी इमरती सबसे खास होकर मेले की रौनक बढाने मे सहायक होती है,जल विहार मेले मे बच्चे बूढे महिलाओ की सबसे खासी भीड जल विहार मेले को और अधिक खास बनाये रखने मे सहायक होती है।

# गोहद दुर्ग में गूंजे कार्तिकेय जन्म के प्रसंग



**नवभारत न्यूज**

**गोहद, 29 अगस्त।** प्राचीन भीमाशंकर महादेव मंदिर परिसर में चल रही शिव महापुराण कथा का षष्ठ दिवस भक्ति, श्रद्धा और आस्था के वातावरण में सम्पन्न हुआ। आज के परीक्षत के रूप में मालती पति स्व. रामेश्वर बाजपेई, रविरमन बाजपेई परिवार सहित तथा मुन्नी देवी पति स्व. रामस्वरूप नागर, श्री राजेश नागर परिवार सहित शामिल रहे।

परीक्षत परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर में शिव अभिषेक कर पीठो व व्यास पीठ की विधिवत पूजा-अर्चना व आरती की। इसके पश्चात महामंडलेश्वर श्री 1008 रामभूषण दास जी महाराज ने कथा श्रवण कराते हुए भगवान शिव-पार्वती के पुत्र कार्तिकेय जन्म की दिव्य कथा सुनाई। कथा में कार्तिकेय जी के जन्म, उनकी दिव्य लीलाओं और तारकासुर वध के प्रसंग का वर्णन करते हुए महाराजश्री ने बताया कि जब-जब अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान अपने स्वरूप में प्रकट होकर धर्म की स्थापना करते हैं। कथा श्रवण करते हुए भक्तगण भाव-विभोर हो उठे।

ूरे मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और वातावरण हर-हर महादेव एवं जय कार्तिकेय के गगनभेदी जयकारों से गूंजता रहा। कथा के पश्चात प्रसाद वितरण हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ प्राप्त किया।

# चांद की रोशनी में खेलकर उनका नाम ध्यानचंद पड़ा

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव 29 अगस्त।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक डॉ असित यादव के मार्गदर्शन तथा नवनीत शर्मा मेहगांव एसडीम के नेतृत्व में राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में मनाया गया।



सर्वप्रथम मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रतिदिन एक घंटा फिटनेस के लिए जरूर देना जिससे हम स्वस्थ रहेंगे शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहेंगे उपस्थित खिलाड़ियों को एसडीम महोदय ने मेजर ध्यानचंद के बारे में बतलाया गया की कैसे चांद की रोशनी में खेल कर उनका नाम ध्यानचंद पड़ा और फौज में शामिल होकर उनके नाम के आगे मेजर हो गया तत्पश्चात बच्चों को फिट रहने की शपथ दिलाई गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर तीन दिवसीय एक घंटा खेल के मैदान में अभियान अंतर्गत आज प्रथम दिवस कुश्ती खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेता टीम को मेडल एवं हार फूलसे सम्मानित किया गया नेशनल खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया इसके साथ ही खेल और युवा कल्याण विभाग की युवा समन्वयक श्रीमती नीतू सोनी द्वाराअगले दो दिवस में होने वाले सेमिनार और साइकिल रैली के बारे में खिलाड़ियों को बताया गया सभी खिलाड़ियों को लिंक पर रजिस्ट्रेशन करने के लिए भी उत्साहित किया गया और खेल से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया गया।डॉ हर्षद मिश्र क्रीड़ा अधिकारी द्वारा अभार प्रकट किया गया मंच संचालन अनूप गौड़ क्रीड़ा भारती के द्वारा किया गय। संतोष गुर्जर भी उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण के खिलाफ 24 घंटे का अल्टीमेटम

**नवभारत न्यूज**

**दबोह, 29 अगस्त।** नगर परिषद दबोह ने एसडीएम लहार विजय सिंह यादव के निर्देश पर नगरीय क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ कड़ा कदम उठाया गया है। सीएमओ अतुल रावत के नेतृत्व में शुक्रवार शाम को कोंच रोड, मुख्य बाजार, गणेश चौक, भांडेर रोड सहित कई इलाकों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया।

**सीएमओ बोले - नगर की व्यवस्था और नागरिकों की सुविधा से कोई समझौता नहीं**




मुख्य सड़कों पर लंबे समय से अवैध रूप से डंप गिट्टी, ईंट और रेत के ढेरों को हटाया गया, जो यातायात में बाधा बन रहे थे। सीएमओ रावत ने भिंड - भांडेर रोड पर नाले के ऊपर बनी अवैध दुकानों को तोड़ने की चेतावनी दी और अतिक्रमणकारियों को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा, नगर की व्यवस्था और नागरिकों की सुविधा से कोई समझौता नहीं होगा। सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी लोग 24 घंटे के भीतर अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा जप्ती और जुर्माने की कार्रवाई होगी। इस अभियान में नायब तहसीलदार माथुर, अरुण तिवारी, राघवेंद्र भदौरिया, प्रदीप चौधरी और सफाई अमला मौजूद रहा। नगर परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# सूर्या रोशनी लिमिटेड में अग्निशमन प्रशिक्षण एवं अग्निशामक यंत्र प्रदर्शन आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 29 अगस्त।** सूर्या रोशनी लिमिटेड (लाइटिंग डिवीजन) मालनपुर में शुक्रवार को अग्निशमन प्रशिक्षण एवं अग्निशामक यंत्र प्रदर्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कर्मचारियों में आग से सुरक्षा, तत्परता एवं जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सतीश चतुर्वेदी (प्रभारी - पुलिस फायर स्टेशन) उपस्थित रहे।




कार्यक्रम की अध्यक्षता तपन कुमार बंद्योपाध्याय (प्लांट हेड एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष) ने की। विशेष रूप से मुकुल चतुर्वेदी (फैक्ट्री मैनेजर - जीएम एचआरडी), विनोद असरे (कल्याण अधिकारी एवं एचआर टीम), वीरेन्द्र दहायत (हेड - ईएचएस), कैप्टन जीत पाल (सीएसओ - चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर) सहित सुरक्षा एवं प्रशासन टीम मौजूद रही। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधन सदस्यों के स्वागत से हुई। तत्पश्चात बंद्योपाध्याय ने बीबीएस, फायर सेफ्टी, रोड सेफ्टी, पेट्रोलियम व इलेक्ट्रिकल सुरक्षा तथा नेतृत्व प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। कर्मचारियों एवं अतिथियों ने सुरक्षा शपथ ली। मुख्य अतिथि चतुर्वेदी ने फायर ट्रायंगल, आग की विभिन्न श्रेणियां (ए,बी,सी,डी), अग्निशामक यंत्रों के प्रकार एवं अग्नि निवारण तकनीक पर तकनीकी व्याख्यान दिया। इसके बाद फायर ब्रिगेड एवं सुरक्षा टीम द्वारा अग्निशमन का लाइव प्रदर्शन किया गया, जिसमें फायर बॉल, फायर सूट, फायर गम बूट्स, फ्लेमप्रूफ टॉर्च, वाटर, डीसीपी, फोम एवं ष्ह्रर अग्निशामक यंत्रों का उपयोग प्रदर्शित किया गया। इस पुरे कार्यक्रम फैक्ट्री में उपस्थित 200 कर्मचारियों ने भाग लिया। अंत में श्री मुकुल चतुर्वेदी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पुलिस फायर स्टेशन, फायर ब्रिगेड टीम और कर्मचारियों के सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम का समापन नाश्ता एवं जलपान के साथ हुआ। यह आयोजन सूर्या रोशनी लिमिटेड की सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है।